**दिनांक 29 जुलाई, 2019 दिन सोमवार को पूर्वान्ह 11.00 बजे विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयन्ती सभागार में सम्पन्न हुई मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर की परीक्षा समिति की दशम् बैठक की कार्यवृत्त :-**

विश्वविद्यालय की परीक्षा समिति की दशम् बैठक में निम्न द्वारा प्रतिभाग किया गया :-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 श्री निवास सिंह, कुलपति,<br>मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर | अध्यक्ष |
| 2. | प्रो0 जे0 पी0 पान्डेय, निदेशक,<br>के0एन0आई0टी0, सुल्तानपुर | सदस्य |
| 3. | प्रो0 डी0के0 सिंह, अधिष्ठाता, संकाय मामलें<br>मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर | सदस्य |
| 4. | प्रो0 के0जी0 उपाध्याय, अधिष्ठाता, परास्नातक अध्ययन एवं शोध व विकास<br>मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर | सदस्य |
| 5. | प्रो0 डी0 के0 द्विवेदी, अधिष्ठाता, स्नातक अध्ययन एव उद्यमिता<br>मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर | सदस्य |
| 6. | प्रो0 सुनील कुमार श्रीवास्तव, नियोजन, श्रोत जनन व एल्युमिनी संबंध<br>मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर | सदस्य |
| 7. | प्रो0 ए0 एन0 तिवारी अधिष्ठाता, छात्र मामलें<br>मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर | सदस्य |
| 8. | डा0 ए0के0पान्डेय आचार्य, विद्युत अभि0 विभाग<br>मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर | सदस्य |
| 9. | डा0 श्रीराम सह आचार्य, जनपदीय अभि0 विभाग<br>मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर | सदस्य |
| 10. | डा0 जीऊत, कुलसचिव<br>मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर | विशेष आमंत्रित |
| 11. | श्री अमर सिंह, वित्त नियंत्रक<br>मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर | विशेष आमंत्रित |
| 12. | श्री एस0एन0 चौधरी, अपर परीक्षा नियंत्रक<br>मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर | विशेष आमंत्रित |
| 13. | प्रो0 उदयशंकर, परीक्षा नियंत्रक<br>मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर | सचिव/सदस्य |

विश्वविद्यालय की परीक्षा समिति के सदस्य प्रो0 जे0 पी0 सैनी, कुलपति, नेताजी सुभाष प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, नई दिल्ली किसी कारणवश बैठक में प्रतिभाग नही कर सकें।

# बैठक की कार्यवृत्ति

**10.01 विश्वविद्यालय की दिनांक 29 जनवरी , 2019 को सम्पन्न हुई परीक्षा समिति की नवम् बैठक की कार्यवृत्त की पुष्टि पर विचार।**

परीक्षा समिति द्वारा दिनांक 29 जनवरी , 2019 को सम्पन्न हुयी परीक्षा समिति की नवम् बैठक की कार्यवृत्ति की पुष्टि की गयी।

**10.02 परीक्षा समिति की दिनांक 29 जनवरी, 2019 को सम्पन्न हुई नवम् बैठक में लिए गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही का विवरण।**

परीक्षा समिति दिनांक **29 जनवरी, 2019** को सम्पन्न नवम् बैठक में लिए गये निर्णयों के सन्दर्भ में कृत कार्यवाही से समिति अवगत हुई।

**10.03 विश्वविद्यालय की परीक्षा की प्रगति आख्या।**

परीक्षा समिति द्वारा विश्वविद्यालय की शैक्षिक सत्र 2018-2019 इवेन सेमेस्टर में अब तक सम्पन्न हुयी परीक्षाओं व अन्य वांछित गतिविधियों की प्रगति आख्या का अवलोकन किया गया तथा परीक्षाओं के सफलतापूर्वक आयोजन किये जाने पर समिति द्वारा संतोष व्यक्त किया गया।

**10.04 विश्वविद्यालय द्वारा सम्पन्न कराई गई परीक्षा सत्र 2018- 2019 के परीक्षाफल की सूचना एवं विश्लेषण।**

समिति द्वारा परीक्षाफल के विश्लेषण का अवलोकन किया गया एवं इस पर संतोष व्यक्त किया गया। अवगत कराना है कि परीक्षाफल विश्लेषण UFM समिति की बैठक दिनांक 25.07.2019 का निर्णय सम्मिलित नही हैं।

**10.05 सत्र 2018-2019 के उत्तीर्ण छात्रों को विश्वविद्यालय द्वारा चतुर्थ दीक्षान्त समारोह के अवसर पर Chancellor Gold Medals, Vice-Chancellor Gold Medals, Memorial Gold Medals, Certificate of Merit, Degree स्नातक/परास्नातक/पी0एच0डी0 के छात्र/छात्राओं को सम्पानित किये जाने पर विचार एवं अनुमोदन ।**

समिति द्वारा विश्वविद्यालय सत्र 2018-2019 के उत्तीर्ण छात्रों को विश्वविद्यालय द्वारा चतुर्थ दीक्षान्त समारोह के अवसर पर Chancellor Gold Medals, Vice-Chancellor Gold Medals, Memorial Gold Medals, Certificate of Merit, Degree स्नातक/परास्नातक/पी0एच0डी0 के छात्र/छात्राओं को सम्पानित किये जाने हेतु अवलोकनोपरान्त अनुमोदन प्रदान किया गया, साथ ही समिति द्वारा यह भी अवगत कराया गया की यदि दीक्षान्त समारोह से पहले किसी छात्र को डिग्री से सम्मानित किया जाना हैं, तो माननीय कुलपति महोदय को अधिकृत किया जाता है।

**10.06 विश्वविद्यालय के बी0टेक0/एम0सी0ए0/एम0बी0ए0/एम0टेक0 एवं पी0एच0डी0 छात्रो को मेजर परीक्षा में अतिरिक्त (Supplementary Copy) के प्रारूप संबंध में विचार एवं अनुमोदन।**

समिति द्वारा विश्वविद्यालय के बी0टेक0/एम0सी0ए0/एम0बी0ए0/एम0टेक0 एवं पी0एच0डी0 छात्रों को मेजर परीक्षा में वितरित किये जाने वाले अतिरिक्त (Supplementary Copy) के प्रारूप के अवलोकनोपरान्त अनुमोदन प्रदान किया गया।

**10.07 <u>विश्वविद्यालय की सत्र 2019-2020 आड सेमेस्टर की Minor Test/Mid Term की परीक्षा दिनांक 28.09.2019 से 05.10.2019 के मध्य आयोजित किये जाने पर विचार एवं अनुमोदन।</u>**

समिति द्वारा विश्वविद्यालय के सत्र 2019-2020 आड सेमेस्टर की Minor Test/Mid Term की परीक्षा दिनांक 28.09.2019 से 05.10.2019 के मध्य कराये जाने के प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया तथा समिति द्वारा यह संस्तुति की गयी कि भविष्य में यदि परीक्षा कार्यक्रम में कोई परिवर्तन किया जाता है, तो माननीय कुलपति महोदय के अनुमोदनोनरान्त ही परिवर्तन किया जायेगा।

**10.08 <u>विश्वविद्यालय की सत्र 2019-2020 आड सेमेस्टर की Major Theory की परीक्षा दिनांक 18.11.2019 से 30.11.2019 के मध्य आयोजित किये जाने पर विचार एवं अनुमोदन।</u>**

समिति द्वारा विश्वविद्यालय के सत्र 2019-2020 आड सेमेस्टर की **Major Theory** की परीक्षा दिनांक 18.11.2019 से 30.11.2019 के मध्य कराये जाने के प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया तथा समिति द्वारा यह संस्तुति की गयी कि भविष्य में यदि परीक्षा कार्यक्रम में कोई परिवर्तन किया जाता है, तो माननीय कुलपति महोदय के अनुमोदनोनरान्त ही परिवर्तन किया जायेगा।

**10.09 <u>विश्वविद्यालय की सत्र 2019-2020 आड सेमेस्टर की Practical की परीक्षा दिनांक 03.12.2019 से 07.12.2019 के मध्य आयोजित किये जाने पर विचार एवं अनुमोदन।</u>**

समिति द्वारा विश्वविद्यालय के सत्र 2018-2019 इवेन सेमेस्टर की Practical की परीक्षा दिनांक 03.12.2019 से 07.12.2019 के मध्य कराये जाने के प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया तथा समिति द्वारा यह संस्तुति की गयी कि भविष्य में यदि परीक्षा कार्यक्रम में कोई परिवर्तन किया जाता है, तो माननीय कुलपति महोदय के अनुमोदनोनरान्त ही परिवर्तन किया जायेगा।

**10.10 <u>विश्वविद्यालय द्वारा सम्पन कराई गई सत्र 2018-2019 (इवेन सेमेस्टर) माईनर/मेजर/समर टर्म परीक्षा में अनुचित साधन (UFM) के प्रयोग में पकड़े गये छात्रों के सम्बन्ध में लिए गये निर्णयों की सूचना।</u>**

समिति द्वारा 2017-2018 की इवेन सेमेस्टर की परीक्षा में जिन छात्रों को अनुचित साधन प्रयोग में पकड़ा गया था उनके सम्बन्ध में यू0एफ0एम0 समिति द्वारा लिये गये निर्णयों का अवलोकन किया गया।

**10.11 <u>विश्वविद्यालय द्वारा Summer Term-2019 के परीक्षाफल की सूचना एवं विश्लेषण ।</u>**

समिति द्वारा Summer Term-2019 परीक्षाफल के विश्लेषण का अवलोकन किया गया एवं इस पर संतोष व्यक्त किया गया। अवगत कराना है कि परीक्षाफल विश्लेषण UFM समिति की बैठक दिनांक 25.07.2019 का निर्णय सम्मिलित नही हैं।

**10.12 अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य मद।**

समिति यह निर्णय लिया गया कि यदि किसी विभाग के टापर एक अधिक है, तो उसके लिये अधिष्ठाता, परास्नातक अध्ययन, शोध एवं विकास एवं अधिष्ठाता स्नातक अध्ययन एवं उद्यमित् के स्तर से मानक की रूप रेखा तैयार करने हेतु निर्णय लिया गया ।

बैंठक अध्यक्ष महोद्रय के प्रति धन्यवाद ज्ञापनोपरान्त समाप्त हुयी ।

( प्रो0 उदयशंकर)
सदस्य/सचिव, परीक्षा समिति एवं
परीक्षा नियन्त्रक, म0मो0मा0 प्रौ0वि0वि0 गोरखपुर

अनुमोदित
29.7.19
( प्रो0 श्रीनिवास सिंह )
अध्यक्ष, परीक्षा समिति एवं
कुलपति, म0मो0मा0 प्रौ0वि0वि0 गोरखपुर